

किसी पर नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में हुड्डा किसी पर नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि जब आप देश के लिए खेलते हैं तो किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। वे बल्लेबाजी के साथ ही ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। उन्होंने कहा, मैं अंडर –19 से ही ऑलराउंडर के रूप में खेल रहा हूं। हां, कई बार गेंदबाजी करने के मौके नहीं मिले। गेंदबाजी करता हूं लेकिन मैं खुद को एक उपयोगी खिलाड़ी और एक अच्छा ऑलराउंडर मानता हूं।

## दीपक हूडा एमएस धोनी की कप्तानी में चाहते हैं खेलना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए दीपक हुड्डा को भारतीय टीम में जगह मिली है। वे 6 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत के लिए डेब्यू कर सकते हैं। हुड्डा पिछले आईपीएल सीजन में पंजाब किंग्स का हिस्सा थे। टीम ने उन्हें नीलामी से पहले रिटेन नहीं किया। 12 और 13 फरवरी की आईपीएल की नीलामी है। दीपक का कहना है कि वे अगले सीजन में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेलना चाहते हैं। दीपक हुडा ने कहा कि वे उस बच्चे की तरह हैं, जो धोनी की कप्तानी में खेलना चाहता है। हुड्डा ने इंडिया टीवी पर कहा, मैं 12 और 13 को होने वाली नीलामी का इंतजार नहीं कर रहा हूं, मैं सिर्फ 6 फरवरी का इंतजार कर रहा हूं। ऐसी कोई टीम नहीं है, मैं सिर्फ खेलना चाहता हूं। लेकिन मेरी निजी पसंदीदा टीम चेन्नई सुपर किंग्स है। मैं उस बच्चे की तरह हूं जो एमएस धोनी की कप्तानी में खेलना चाहता है। दीपक को इससे पहले 2017 और 2018 में टी20 के लिए भारतीय टीम में जगह मिली थी, लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला।

# रविवार को खेले जाने वाले पहले वनडे मैच पर अब सस्पेंस!

क्रिकेट

## भारतीय कैंप में कोविड से संक्रमित होने के मामले आए सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 6 फरवरी को खेला जाना है, लेकिन अगर भारतीय कैंप में कोविड से संक्रमित होने के और मामले अगर सामने आते हैं तो मैच की डेट आगे बढ़ाई जा सकती है। भारतीय क्रिकेट टीम के पांच खिलाड़ी शिखर धवन, रितुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, नवदीप सैनी और अक्षर पटेल अब तक पाजिटिव पाए गए हैं। हालांकि इनमें से अक्षर पटेल अभी भारतीय कैंप का हिस्सा नहीं हैं। इनके अलावा टीम के चार सपोर्ट स्टाफ भी कोविड से संक्रमित पाए गए थे। कोविड के बढ़ते मामले की वजह से ही रविवार को खेले जाने वाले पहले वनडे मैच पर अब सस्पेंस पैदा हो गया है।

बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि फिलहाल ये सीरीज तय कार्यक्रम के मुताबिक खेली जाएगी, लेकिन गुरुवार या फिर शुक्रवार को अगर कुछ और केस सामने आते हैं तो हम पहले मैच को एक ये दो दिन आगे खिसका सकते हैं। आपको बता दें कि वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम इस वक्त आइसोलेशन में है। जो खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ पाजिटिव पाए गए हैं उन्हें होटल के अगल फ्लोर पर ठहराया गया है। वहीं गुरुवार को होने वाला टीम का ट्रेनिंग सेशन भी रद कर दिया गया।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम सोमवार से शहर के हयात रीजेंसी होटल में ठहरी हुई है। ट्रेनिंग कैंप शुरू होने से पहले तीन दिन तक टीम के खिलाड़ियों को तीन दिन तक आइसोलेशन में रहना था, लेकिन फिलहाल के लिए गुरुवार का अभ्यास सत्र कैंसल कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ भारतीय टीम में मयंक अग्रवाल को जोड़ा गया जो अब धवन की जगह रोहित शर्मा के साथ वनडे मैचों में पारी की शुरुआत कर सकते हैं। भारत को अहमदाबाद में ही तीनों वनडे मैच खेलने हैं जबकि इसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज कोलकाता में खेली जाएगी।



## मुंबई और पुणे में करवाना चाहते हैं आईपीएल 2022 के लीग मैचः गांगुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें एडिशन की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की पूरी कोशिश है कि इसका आयोजन सफलतापूर्वक करवाया जाए। हालांकि, इस बार बीसीसीआई ने दो नई टीमों– अहमदाबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स को शामिल किया है और टूर्नामेंट पहले से अधिक रोमांचक होने की उम्मीद है।

इसी महीने आईपीएल का मेगा–ऑक्शन भी होना है। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने अब आईपीएल को लेकर एक और अपडेट दिया है। गांगुली ने कहा कि वह आईपीएल 2022 को पूरी तरह भारत में आयोजित करवाना चाहते हैं। उनका कहना है कि अगर कोविड–19 की स्थिति नियंत्रित रहती है तो वह इस लीग को भारत में ही रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा लीग मैच महाराष्ट्र में ही करवाना चाहते हैं। गांगुली ने इशारा किया कि मुंबई और पुणे में ही इन मैचों को करवाया जाए। हालांकि प्लेऑफ के मैचों के वेन्यू बाद में तय किए जाएंगे। गांगुली ने स्पोर्टस्टार से कहा, इस बार आईपीएल का आयोजन भारत में करवाया जाएगा, जब तक कोविड–19 के मामले बहुत अधिक नहीं बढ़ जाते। जहां तक आयोजन स्थलों की बात है, तो हम मैचों को महाराष्ट्र में ही आयोजित करना चाहते हैं। मुंबई और पुणे में ही लीग मैच खेले जाएंगे। नॉक आउट मैचों के आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।



आईपीएल 2022 के आयोजन से पहले 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में मेगा–ऑक्शन होगा। यहां टीमें अपने लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनना चाहेंगी। कुल 590 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

## युवा ऑलराउंडर को लेकर मदन लाल की कड़वी बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम रविवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का आगाज करेगी। टीम की कोशिश साउथ अफ्रीका में मिली हार को भुलाकर नई शुरुआत करने की होगी। भारतीय टीम ने सेंचुरियन में टेस्ट मैच जीतकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन जोहान्सबर्ग और केप टाउन में उसे हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वनडे सीरीज में टीम की और बुरी गत हुई और उसे 0–3 से हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम में कुछ बदलाव किए गए। वहीं कुछ खिलाड़ी ऐसे रहे जिन्हें वनडे टीम में तो जगह नहीं मिली लेकिन टी20 सीरीज के लिए टीम में जगह दी गई। ऐसे ही एक खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उन्हें शामिल किया गया था। आईपीएल 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। अय्यर हालांकि बहुत यादगार प्रदर्शन नहीं किया। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर मदन लाल हालांकि 27 वर्षीय इस खिलाड़ी से बहुत प्रभावित नहीं हैं।

## न्यूज डायरी



### मुझे 15 या 17 करोड़ नहीं चाहिए बस 8 करोड़ ही काफी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 के लिए मेगा नीलामी को आयोजन 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में किया जाएगा। इस नीलामी में भारतीय क्रिकेट टीम के कई दिग्गजों पर भी बोली लगेगी। भारतीय स्पिनर उन स्टार खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके लिए कई फ्रेंचाइजी अपनी बोली लगाते नजर आ सकते हैं। आइपीएल में पिछले कई साल से चहल आरसीबी टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। हालांकि आइपीएल के इस सीजन के लिए आरसीबी ने उन्हें रिटेन नहीं किया जबकि चहल इस टीम का हिस्सा बने रहना चाहते थे। चहल के मुताबिक अगर वो इस टीम में फिर से नहीं जा पाते हैं तो वो शिकायत नहीं करेंगे। चहल ने अपने साथी स्पिनर आर अश्विन से बात करते हुए इस मेगा आक्शन के लिए अपनी उम्मीदों के बारे में बताया। चहल ने कहा कि ये पहली बार है जहां मुझे लगता है कि मैं कहीं भी जा सकता हूं क्योंकि इस बार राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड नहीं है। आरसीबी ने 2018 की नीलामी में चहल पर आरटीएम का इस्तेमाल किया था।

### केएल राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेलेंगे पहला वनडे मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 6 फरवरी को खेलना है। इस मुकाबले में टीम इंडिया के वनडे टीम के उप–कप्तान केएल राहुल नहीं खेलेंगे। हालांकि वो दूसरे मुकाबले के लिए टीम के साथ जुड़ जाएंगे। पहले वनडे में उनके उपलब्ध नहीं रहने की वजह से ये कयास लगाया जा रहा था कि शायद उन्हें रेस्ट दिया गया है, लेकिन ऐसा नहीं है। इसके पीछे की जो असली वजह थी वो सामने आ गई है। दरअसल केएल राहुल अपनी सिस्टर की मैरिज की वजह से वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में नहीं खेलेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से ठीक पहले तीन भारतीय खिलाड़ियों शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर कोविड पाजिटिव पाए गए थे और इसके बाद लग रहा था कि पहले मैच के लिए उन्हें शायद टीम में बुलाया जा सकत था, लेकिन राहुल का अपनी बहन की शादी में व्यस्त होने के कारण अब यह पक्का हो गया है कि वह दूसरे वनडे से ही उपलब्ध होंगे।

### यश ढुल ने बनाई शानदार संचुरी, वीवीएस ने तालियां बजाकर बढ़ाया हौसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एंटीगा। भारत की अंडर–19 टीम के कप्तान यश ढुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार संचुरी लगाई। ढुल की इस संचुरी पर नैशनल क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने भी तालियां बजाकर युवा बल्लेबाज का हौसला बढ़ाया। लक्ष्मण टीम के साथ हैं और वहां युवाओं के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। ढुल ने शानदार शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। एंटीगा में खेले गए मैच में भारत ने कंगारू टीम को 96 रन से मात दी। ढुल ने विराट कोहली और उन्मुक्त चंद की लिस्ट में जगह बनाई। 98 के स्कोर पर ढुल ने मिड–विकेट क्षेत्र में शॉट लगाकर दो रन बनाए और अपना शतक पूरा किया।

### रणजी ट्राफी खेलिए और वहां परफार्म करिएः गांगुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दो साल के अंतराल के बाद भारतीय क्रिकेट में इस साल रणजी ट्राफी की वापसी होने वाली है। भारत की प्रमुख प्रथम श्रेणी घरेलू प्रतियोगिता दो चरणों में खेली जाएगी जिसमें पहली इस महीने के अंत में और आइपीएल के बाद नाकआउट चरण का आयोजन किया जाएगा। बीसीसीआइ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने अब दो भारतीय टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को सलाह दी है कि इन दोनों को रणजी ट्राफी में खेलना और रन बनाना एक अच्छा विचार साबित हो सकता है। आपको बता दें कि ये दोनों बल्लेबाज पिछले कुछ वक्त से रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए देखे जा सकते हैं।